संपादकीय

भटकी हुई योजना

यह वाकई चिंता की बात है कि सांसद निधि का सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय सांख्यिकी और कार्य म कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी डेटा के अनुसार साल 2014 से अब तक 543 में से केवल 35 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ही सांसद निधि का इस्तेमाल कर स्वीकृत प्रॉजेक्ट पूरे किए गए हैं। परियोजनाओं में विलंब को देखकर केंद्र सरकार इसकी फंडिंग के तरीके में बदलाव पर विचार कर रही है। अभी इसके तहत राशि दो किस्तों में दी जाती है। सरकार एक किस्त में ही राशि आवंटित करने के बारे में सोच रही है।

सांसद निधि योजना (एमपीलैड स्कीम) की शुरुआत 1993 में हुई, जब पी.वी. नरसिंह राव प्रधानमंत्री थे। इसके तहत सभी एमपी को, चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यसभा के, अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए प्रतिवर्ष वितीय सहायता दी जाती है। इसका मकसद विकास कार्यों का विकेंद्रीकरण करना था। सोचा गया कि जनहित के वे छोटे-छोटे कार्य जो बड़ी परियोजनाओं में समाहित नहीं हो पाते, इसके जरिए आसानी से कम समय में हो सकेंगे। पर सच्चाई यह है कि इस योजना की राशि जरूर बढ़ती गई, लेकिन इससे जनता को खास लाभ नहीं हो पाया है। इसमें भारी भ्रष्टाचार के भी आरोप लगते रहे हैं। इसलिए एक तबका इसे समाप्त करने की भी सलाह देता है। कुछ सांसद इसके सफल न होने के पीछे नौकरशाही को जिम्मेदार ठहराते हैं।

इस योजना की राशि सांसद के खाते में नहीं बल्कि संबंधित जिले के जिलाधिकारी या किसी अन्य नोडल अधिकारी के खाते में जाती है। वित्त वर्ष के शुरू होने के पहले यह राशि 2.5 करोड़ रुपये की दो किस्तों में भेजी जाती है। सांसद, जिलाधिकारी को बताता है कि उसे जिले में कहां-कहां इस राशि का उपयोग करना है। ऐसी व्यवस्था इसलिए की गई कि कोई एमपी मनमाने ढंग से इसे खर्च न कर सके। लेकिन सांसदों का कहना है कि जिला-प्रशासन के रवैये के कारण प्रॉजेक्ट लटकते हैं। एक किस्त मिलने के बाद जब तक उसका यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं जमा किया जाता तब तक दूसरी किस्त जारी नहीं होती। कई कारणों से जिला प्रशासन द्वारा यह सर्टिफिकेट जमा करने में देरी होती है।

तमिलनाडु से पाट्टाली मक्क ल कट्टिच (पीएमके) के सांसद अंबुमणि रामदास का आरोप है कि पिछले चार साल में वह अपने क्षेत्र के कलक्टर के रवैये के कारण किसी भी योजना को ठीक से लागू नहीं कर पाए। शहरी इलाकों में जमीन न मिल पाने के कारण भी विकास कार्य अटका रहता है। इस कारण पैसे जारी नहीं हो पाते। कई सांसद मानते हैं कि एक किस्त में पैसे देने से भी समस्या नहीं सुलझेगी। एक सलाह यह भी है कि इसका सोशल ऑडिट हो। सरकार इसके सारे पहलुओं पर विस्तार से विचार करे और जरूरत हो तो इसमें आमूल परिवर्तन करे।

अगर खो गया आधार कार्ड तब भी mAadhaar के जरिए आसानी से हो जाएगा आपका काम

नई दिल्ली। आधार कार्ड अब केवल पहचान पत्र नहीं रह गया है. इसकी जरूरत हर जगह होती है. किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेना है तो आधार वेरिफिकेशन पहले किया जाता है. ज्यादातर जगहों पर आधार को जरूरी कर दिया गया है. ऐसे में अगर आपका आधार कार्ड खो जाता है तो बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. लेकिन हम आपको एक तरीका बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से अगर आपका कार्ड खो भी जाता है तो भी काम हो जाएगा.

इसके लिए UIDAI ने mAadhaar मोबाइल ऐफ लांच किया है. इस ऐप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड करना होगा. जिसके बाद आपका आधार आपके मोबाइल में होगा. हालांकि, mAadhaar ऐप को यूज करने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर होना जरूरी है.अगर आपके पास रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर नहीं है तो आपको आधार सेंटर जाकर नया नंबर अपडेट करवाना होगा. इस ऐप में QR कोर्ड और ई-KYC का भी फीचर दिया गया है. कहीं पे भी इसका इस्तेमाल आधार कार्ड की तरह कर सकते हैं.mAadhaar का इस्तेमाल करने के लिए प्ले स्टोर पर जाएं और इसे डाउनलोड कर लें. ऐप को पासवर्ड से सुरक्षित कर लें. ऐप खोलने पर आधार नंबर डालना होगा और अन्य जानकारियां भरनी होगी. रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा. ओटीपी डालने के बाद यह ऐप पूरी तरह वेरीफाई हो जाएगा और आप बायोमिट्रिक डेटा लॉक और अनलॉक कर पाएंगे.

ई-कॉमर्स कंपनियों पर सख्ती, एक्सक्लूसिव डील पर रोक

नई दिल्ली। ई कॉमर्स कंपनियां अब अपने प्लेटफार्म पर एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट नहीं बेच पाएंगी. केंद्र सरकार की ओर से नए निर्देश के बाद नियमों को और सख्त कर दिया गया है. पहले अक्सर ऐसा देखने को मिलता था कि नए फोन या कोई भी प्रोडक्ट्स सिर्फ चुनिंदा ईकॉमर्स साइट पर ही लॉन्च होते थे लेकिन लेकिन सरकार की ओर से नए निर्देश आने के बाद कई भी आइटम अब एक्सक्लूसिव प्लेटफॉर्म पर नहीं बिक सकेगा. साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब अपने विक्रेताओं पर दबाव नहीं डाल सकतीं और विक्रेता अपना माल एक साथ कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेच सकेंगे.

सरकार की ओर से ऑनलाइन कंपनियों को लेकर जारी निर्देश 1 फरवरी 2019 से लागू होंगे. सरकार के इस कदम के बाद ऑफलाइन कंपनियों में समानता देखने को मिल सकती है. नए निर्देश के बाद अब किसी भी कंपनी में अगर ई-कॉमर्स कंपनी की हिस्सेदारी है तो वो कंपनियां अपना या सब्सिडियरीज का माल नहीं बेच सकेंगी इतना ही नहीं ग्राहकों की संतुष्टि को लेकर अब विक्रेता को भी जिम्मेदार ठहराया गया है.

आईडिया ने अपने नया प्लान्स किया लॉन्च

नई दिल्ली। टेलिकॉम कंपनी Idea सेल्युलर ने अपने 399 रुपये वाले प्लान को रिवाइज कर दिया है। इस प्लान में यूजर्स को अनलिमिटेड कॉलिंग और डाटा का लाभ मिलता है। Idea के इस 399 रुपये वाले प्लान के अलावा एक और नया 392 रुपये वाला प्लान लॉन्च किया गया है। हाल ही में Vodafone ने भी अपने दो प्लान्स को रिवाइज किए हैं। Idea के इस 392 रुपये वाले प्लान की बात करें तो इसमें यूजर्स को 84 जीबी डाटा का लाभ दिया जा रहा है।

सोने के भाव में आज गिरावट

नई दिल्ली। ग्लोबल स्तर पर पीली धातु की चमक फीकी पड़ गई है और इसके बीच ऊंचे भाव पर खुदरा खरीदारी भी काफी कम हो चुकी है। इसलिए इसके कम होने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने को काफी नुकसान देखने को मिला है। दरअसल गुरुवार 27 दिसंबर को सोना लगातार तीन दिन की तेजी से गिरता हुआ 50 रुपए तक लुढ़क गया और इतने पैसों तक लुढ़कने के पश्चात् सोना 32,450 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। वहीं औद्योगिक मांग आने से चांदी 525 रुपए चढ़ गई। और इतने पैसे चढ़कर चांदी में अलग ही चमक आ गई और चांदी 38,650 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो अंतराष्ट्रीय स्तर पर लंदन का सोना हाजिर 0.70 डॉलर लुढ़ककर 1,268.40डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी सोना भी वायदा भी 2.70 डॉलर की गिरावट के साथ 1,270.30 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बिलासपुर-रायपुर-नागपुर लाईन की ये गाड़ियां 3 से 7 जनवरी तक प्रभावित रहेंगी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन का यार्ड आधुनिकीकरण का कार्य वं इतवारी-छिदवाडा सेक्शन के जोडने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोंकिंग कार्य किया जायेगा। इस दौरान 03 जनवरी को रात्रि 00.00 बजे से 03.00 बजे तक एवं 03 जनवरी को सुबह 08.00 बजे से 07 जनवरी तक अर्थात 96 घंटे तक नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को पूर्वनिर्धारित समय पर देर से रवाना की जाएगी, जिनमे इंटरसिटी एवं शिवनाथ एक्सप्रेस पांच दिन तक नागपुर तक



चलेगी,03 से 07 जनवरी तक बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस इतवारी के स्थान पर नागपुर तक जायेगी एवं 03 से 07 जनवरी, तक इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस इतवारी के स्थान पर नागपुर स्टेान से ही रवाना होगी।

03 से 07 जनवरी तक गेवरा रोड से चलने वाली 18239 गेवरा रोड-इतवारी एक्सप्रेस इतवारी के स्थान पर नागपुर स्टेान से चलेगी एवं दिनांक 04 से 08 जनवरी तक इतवारी से चलने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस इतवारी के स्थान पर नागपुर स्टेान से रवाना होगी।

आज का राशिफल

मेष: लक्ष्मीजी की कृपा आप पर बरसेगी, ऐसा गणेशजी कहते हैं। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा लेकिन मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ: आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में आमोद-प्रमोद छाया रहेगा।

मिथुन: प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करने की गणेशजी की सलाह है। आमोद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क: अनैतिक कार्य और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की गणेशजी की सलाह है। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार ना हो, इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

सिंह: स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा। साझेदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी।

कन्या: आपके स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। कार्य सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

तुला: अपनी बौद्धिक शक्ति से आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें इसलिए यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं। मध्याह्न के बाद कार्य-सफलता मिलने से मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक: आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव में हठीलापन छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो अनेक समस्याओं का छुटकारा मिलेगा। नए वस्त्राभूषण तथा प्रसाधन के पीछे धन का खर्च अधिक होने की आशंका है।

धनु: शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन बनेगा। मित्रों के साथ समय का आनंदपूर्वक सदुपयोग हो जाएगा।

मकर: आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। धार्मिक कार्यों और उपासना के पीछे धन का खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ: आज आध्यात्मिक विषयों की तरफ झुकाव अधिक रहेगा। शारीरिक प्रफुल्लता और मानसिक प्रसन्नता दिनभर बनी रहेगी। मध्याह्न के बाद आप धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

मीन: धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय सावधानी बरतें, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी के भी कार्य में विघ्न न डालें। वाणी और ोध पर संयम बरतें।

बंगाल वारियर्स को हराकर यूपी प्रो कबड्डी लीग के प्लेऑफ में

कोलकाता। यूपी योद्धा ने 'करो या मरो' के मुकाबले में गुरुवार को बंगाल वारियर्स को 41-25 से धूल चटाकर प्रो कबड्डी लीग के छठे संस्करण के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया। यूपी योद्धा की इस जीत से गत तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पटना को कल गुजरात फार्च्यून जायंट्स से मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा। पटना की हार के बाद यूपी को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपना मुकाबला जीतना था और उसके योद्धाओं ने निर्णायक प्रदर्शन करते हुए बंगाल के खिलाफ शानदार जीत हासिल की।

तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत स्कोर- 54/5

मेलबर्न। भारत और ऑस्टेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 54 रन बनाए हैं और इस तरह से भारत की बढ़त 346 रनों की हो चुकी है। भारत के पहली पारी के 443/7 स्कोर के जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 151 रनों पर सिमट गई। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को फॉलोऑन नहीं देने का फैसला लिया।

2019 का पहला सूर्यग्रहण 6 जनवरी को, जाने सूर्य और चंद्र ग्रहण के दिखेंगे कितने नजारे

नया साल 2019 आने वाला है। नए साल में पड़ने वाले ग्रहण के बारे में हर कोई जानना चाहता है क्योंकि

ग्रहण का लोगों के जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। नए साल 2019 में कुछ 5 ग्रहण देखने मिलेंगे जिसमें तीन सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण हैं।पहला सूर्य ग्रहण- नए साल की शुरुआत के साथ ही साल 2019 का पहला सूर्य ग्रहण पड़ेगा। यह सूर्य ग्रहण 6 जनवरी को लगेगा जो कि आंशिक होगा लेकिन यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। दूसरा सूर्य ग्रहण- 2019 का दूसरा सूर्य ग्रहण 2 जुलाई के दिन लगेगा। यह पूर्ण ग्रहण होगा। लेकिन यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। तीसरा सूर्य ग्रहण- साल 2019 का तीसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण 26 दिसंबर को पड़ेगा। यह ग्रहण भारत, सऊदी अरब समेत कई दूसरे देशों में दिखाई देगा। पहला चंद्र ग्रहण-2019 का पहला चंद्रग्रहण 21 जनवरी को लगेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। इस चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 17 मिनट की होगी। यह चंद्र ग्रहण अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप आदि देशों में दिखेगा। दूसरा चंद्र ग्रहण- साल 2019 का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण 16 जुलाई को लगेगा। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 2 घंटे 58 मिनट की होगी। यह ग्रहण दक्षिण अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया में दिखाई देगा।

ऑस्ट्रेलियाई उस्मान ख्वाजा का भाई फर्जी आतंकी साजिश मामला फिर गिरफ्तार

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा के भाई पर शुक्रवार को उस मामले में एक गवाह को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया, जिसमें उसने प्रेम त्रिकोण के अपने प्रतिद्वंद्वी को कथित तौर पर एक फर्जी आतंकी साजिश में फंसाया था. अर्सलान ख्वाजा को दिसंबर के शुरू में जालसाजी और न्याय में विघ्न डालने के आरोप में सिडनी की एक अदालत में पेश किया गया था और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था. गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सदस्य उस्मान ख्वाजा का जन्म पाकिस्तान के इस्लामाबाद शहर में हुआ था. बाद में उनका परिवार ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट हो गया था.

न्यू साउथ वेल्स पुलिस की प्रवक्ता ने एएफपी से कहा कि उसे आतंकवाद निरोधक जांच में ''गवाह को प्रभावित करने के कथित प्रयास' के बाद गुरुवार को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया. ख्वाजा के 39 वर्षीय भाई पर जमानत की अपनी शर्तों का उल्लंघन करने और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है. उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया. अगस्त में पुलिस ने श्रीलंकाई छात्र मोहम्मद कमर निजामुद्दीन को सिडनी में गिरफ्तार किया था.इस साल की शुरुआत में न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी के दफ्तर में बरामद की गई एक नोटबुक में कथित तौर पर यह योजना लिखी गई थी जिसके आधार पर उस छात्र की गिरफ्तारी की गई. अर्सलान ख्वाजा उसी विभाग में काम करता है जिसमें निजामुद्दीन है. ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि एक महिला को लेकर ख्वाजा उससे बदला लेना चाहता था. पाकिस्तान में जन्मे उस्मान ख्वाजा आस्ट्रेलिया की तरफ से भारत के खिलाफ मेलबर्न में तीसरे टेस्ट मैच में खेल रहे हैं.

शब्द सामर्थ्य-31

बाएं से दाएं
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

सू-दोकू-31

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.30 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

जानिए अचारी गोभी बनाने की विधि

अचारी गोभी रेसिपी के लिये सबसे पहले गोभी को अच्छी तरह से धोकर छोटे-छोटे पीस में काट लें। गोभी को 10 मिनट तक रख दें, जिससे उसका पानी निचुड़ जाए। अब एक फाई पैन में तेल गर्म करें। जब तक तेल गर्म हो रहा है, फूल गोभी के ऊपर हल्दी पाउडर और स्वादानुसार नमक छिड़कें और अच्छी तरह से मिला लें।तेल गर्म होने पर उसमें गोभी के टुकड़े डालें और डीप फ्राई कर लें। उसके बाद तली हुई गोभी को किचेन पेपर पर निकाल लें। फ्राइ पैन में एक बड़ा चम्मच तेल छोड कर बाकी का तेल निकाल दें। गर्म तेल में आमचूर पाउडर और मिर्च पाउडर छोड कर सारे मसाले डाल दें और अच्छी तरह से भून लें। मसाले भुन जाने पर पैन में गोभी के टुकड़े, आमचूर पाउडर डालें और अच्छी तरह से चला लें। उसके बाद गैस बंद कर दें।